
www.evidyarthi.in

- 23 सितम्बर को -उत्तरीय गोलार्ध - शरद ऋतु , जबकि दक्षिणी गोलार्ध में -बसंत ऋतु।
- 21 मार्च को - उत्तरीय गोलार्ध- बसंत ऋतु तथा दक्षिणी गोलार्द्ध - शरद ऋतु होती है।

# पृथ्वी की गतियाँ

www.evidyarthi.in



## अध्याय – 3

(प्रश्न अभ्यास)

पृथ्वी: हमारा आवास

www.evidyarthi.in

## प्रश्न -1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए।

**1.पृथ्वी के अक्ष का झुकाव कोण क्या है?**

**उत्तर** :- सूर्य की परिक्रमा के दौरान पृथ्वी एक ओर कुछ झुकी रहती है। यह झुकाव कोण 66 ½° है।

www.evidyarthi.in

**2. घूर्णन एवं परिक्रमण को परिभाषित करें।**

**उत्तर** :-
**घूर्णन** - पृथ्वी का अपने अक्ष पर घूमना परिक्रमण कहलाता है।

**परिक्रमण** - सूर्य के चारों ओर एक स्थिर कक्ष में पृथ्वी की गति को परिक्रमण कहते है।

www.evidyarthi.in

**3. लीप वर्ष क्या है ?**

**उत्तर** :- चार वर्षों में प्रत्येक वर्ष के बचे हुए 6 घंटे मिलाकर एक दिन यानी 24 घण्टे के बराबर हो जाते है। इसके अतिरिक्त दिन को फरवरी के महीने में जोड़ा जाता है। प्रत्येक चौथे वर्ष फरवरी माह 28 के बदले 29 दिन का होता है। ऐसा वर्ष जिसमें 366 दिन होते है, लीप वर्ष कहा जाता है।

www.evidyarthi.in

**4. उत्तर एवं दक्षिण अयनांतों में अंतर बताइए।**

**उत्तर** :- 21 जून को उत्तरी गोलार्ध में सबसे लंबा दिन तथा सबसे छोटी रात होती है, जबकि इसी समय दक्षिणी गोलार्ध में सबसे छोटा दिन तथा सबसे लंबी रात होती है। पृथ्वी की इस अवस्था को उत्तर अयनांत कहते हैं। 22 दिसंबर को दक्षिणी गोलार्ध में सबसे लंबा दिन तथा सबसे छोटी रात होती है, जबकि इसी समय उत्तरी गोलार्ध में सबसे छोटा दिन तथा सबसे लंबी रात होती है। पृथ्वी की इस अवस्था को दक्षिणी अयनांत कहते हैं।

www.evidyarthi.in

## 5. विषुव क्या है ?

**उत्तर** :- 21 मार्च एवं 23 सितंबर को सूर्य की किरणें विषुवत् वृत्त पर सीधी पड़ती हैं। इस अवस्था में कोई भी ध्रुव सूर्य की ओर नहीं झुका होता है, इसलिए पूरी पृथ्वी पर रात एवं दिन बराबर होते हैं। इसे विषुव कहा जाता है।

www.evidyarthi.in

**6. दक्षिणी गोलार्ध में उत्तरी गोलार्ध की अपेक्षा उत्तर एवं दक्षिण का अयनांत अलग-अलग समय में होता है, क्यों ?**

**उत्तर** :- जब उत्तरी गोलार्ध सूर्य की तरफ झुका होता है तो सूर्य की किरणें कर्क रेखा पर सीधी पड़ती हैं, इसलिए उत्तरी गोलार्ध में ग्रीष्म ऋतु होती है तथा दक्षिणी गोलार्ध में शीत ऋतु होती है और जब दक्षिणी गोलार्ध सूर्य की ओर झुका होता है तो सूर्य की किरणें मकर रेखा पर सीधी पड़ती हैं, इसलिए दक्षिणी गोलार्ध में ग्रीष्म ऋतु तथा उत्तरी गोलार्ध में शीत ऋतु होती है।


www.evidyarthi.in

**7. ध्रुवों पर लगभग 6 महीने का दिन एवं 6 महीने की रात होती है, क्यों ?**

**उत्तर** :- जब उत्तरी गोलार्ध सूर्य की तरफ झुका होता है तो पृथ्वी के अपने अक्ष पर झुके होने के कारण उत्तरी ध्रुव पर लगातार 6 महीने तक सूर्य की किरणें पड़ती हैं जिससे 6 महीने का दिन होता है, इसके विपरीत दक्षिणी ध्रुव पर 6 महीने की रात होती है।

# CLASS VI CHAPTER 3 पृथ्वी की गतियाँ (NCERT)

www.evidyarthi.in



www.evidyarthi.in

जब दक्षिणी गोलार्ध सूर्य की ओर झुका होता है तो दक्षिणी ध्रुव पर लगातार 6 महीने सूर्य की किरणें पड़ती हैं जिससे 6 महीने का दिन होता है तथा उत्तरी ध्रुव पर सूर्य की किरणें 6 महीने तक नहीं मिलती हैं जिससे वहाँ 6 महीने की रात होती है।

www.evidyarthi.in

## प्रश्न – 2. सही उत्तर चिह्नित (✓) कीजिए।

**1. पृथ्वी की सूर्य के चारों ओर की गति को कहा जाता है**

(क) घूर्णन
(ख) परिक्रमण✓
(ग) झुकाव

www.evidyarthi.in

**2. सूर्य की सीधी किरणें विषुवत् वृत्त पर किस दिन पड़ती हैं ?**

(क) 21 मार्च ✓
(ख) 21 जून
(ग) 22 दिसंबर

www.evidyarthi.in

**3.गर्मी में क्रिसमस का पर्व कहाँ मनाया जाता है ?**

(क) जापान
(ख) भारत
(ग) ऑस्ट्रेलिया✓

www.evidyarthi.in

**4. ऋतुओं में परिवर्तन पृथ्वी की किस गति के कारण होता है ?**

(क) घूर्णन

(ख) परिक्रमण ✓

(ग) गुरुत्वाकर्षण

www.evidyarthi.in

## प्रश्न :-3. खाली स्थान भरो:-

1.एक लीप वर्ष में दिनों की संख्या **366** होती है।
2. पृथ्वी की प्रतिदिन की गति को **घूर्णन** कहते हैं।
3.पृथ्वी सूर्य के चारों ओर **स्थिर** कक्षा में घूमती है।
4.21 जून को सूर्य की किरणें **कर्क** रेखा पर सीधी पड़ती हैं।
5. **शीत** ऋतु में दिन छोटे होते हैं।